सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा

सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक -७६ सोमवार –११/०५/२०२६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

अमेरिका और ईरान के बीच सीधा संघर्ष रुका है, लेकिन हॉर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी से तनाव बढ़ गया है। दोनों पक्ष उकसाने वाले बयान दे रहे हैं और समुद्री आवाजाही ठप है। अमेरिका आर्थिक दबाव बना रहा है, पर ईरान पर असर सीमित है। लंबे गतिरोध से वैश्विक अर्थव्यवस्था, तेल आपूर्ति और आम लोगों पर गंभीर असर पड़ सकता है। अमेरिका और ईरान के बीच ८ अप्रैल के बाद से कोई सीधा संघर्ष नहीं हुआ है। पिछले दिनों जब दो हफ्ते का संघर्षविराम खत्म हुआ, तो तमाम धमकियों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने इसे और आगे खिसका दिया। इससे लगा कि तनाव के बावजूद दोनों पक्ष शांति चाहते हैं। हालांकि अब यह लड़ाई हॉर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी के रूप में दूसरा रूप ले चुकी है और ट्रंप के ताजा आदेश के बाद गतिरोध और गहरा सकता है। उकसाने वाले बयानरू अमेरिकी राष्ट्रपति ने आदेश दिया है कि अगर कोई ईरानी नाव हॉर्मुज में बारूदी सुरंग बिछाती मिलती है, तो उसे देखते ही उड़ा दिया जाए। इससे पहले ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि उनके सैनिक हॉर्मुज के पास गुफाओं में तैयार बैठे हैं। इन बयानों से जाहिर है कि दोनों ही पक्ष एक-दूसरे को उकसा रहे हैं। लेकिन, जब हालात इतने तनावपूर्ण हों, तब ऐसे कदम गंभीर रूप ले सकते हैं। हॉर्मुज से इस समय आवाजाही बिल्कुल ही बंद है। अमेरिकी नौसेना ने तेहरान के बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है, और बदले में ईरान भी किसी जहाज को खाड़ी पार करने नहीं दे रहा। इस तरह की स्थिति तब भी नहीं बनी थी, जब जंग चल रही थी। उस दरम्यान बीच-बीच में कुछ जहाजों को हॉर्मुज से गुजरने की इजाजत मिल गई थी।अमेरिका और ईरान एक-दूसरे के हद की परीक्षा ले रहे हैं और इसकी कीमत दुनिया को चुकानी पड़ रही है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि उसकी नाकेबंदी की वजह से तेहरान को हर दिन ५० करोड़ डॉलर का नुकसान हो रहा है। आर्थिक दबाव बनाकर ट्रंप अपनी शर्तों पर ईरान को बातचीत की मेज पर लाना चाहते हैं। ट्रंप जितना दबाव बनाएंगे, प्रतिरोध की भावना उतनी ही प्रबल होगी।

## नेता से अभिनेता बने विजय तमिलनाडु के 9 वे मुख्यमंत्री , स्वेच्छा से शपथ मे स्पीच पर राज्यपाल ने टोककर कहा जो लिखा वही पढे।

### सीएम बनेते ही विजय का पहला ऑर्डर 200 युनिट फ्री बिजली




*तमिलगा वेत्री कड़गम टीवीके चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। थलापित विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया और कहा कि वही पढ़ें जो लिखकर दिया है। सीएम विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए सेंगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल है।*

*ये सभी विजय की पार्टी ज्टझ के विधायक हैं। सहयोगी दलों के किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है।*

*सीएम बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं। विजय ने शपथ के दौरान कहा – मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडताको बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं न्याय करूंगा, सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा।इससे पहले शनिवार को विजय ने राज्यपाल अर्लेकर को टीवीके कांग्रेस, सीपीआई वीकेसी और आईयुएमएल और के विधायकों के समर्थन पत्र सौंपे। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया।*

## सुवेंदु अधिकारी ने ली बंगाल मे भाजपा के पहले सीएम के रूप मे शपथ ,साथ में पाँच विध ाायको ने भी ली मंत्री पद की शपथ

### दिलीप घोष , अग्निमित्रा पॉल ,अशोक कीर्तनिया ,क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने



*सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री बन गए। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया। सुवेंदु के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे।कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचे।*

*पीएम रोड शो करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे, मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर का उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और पैर छुए। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया।*

*सुवेंदु के शपथ लेने के बाद उनकी मां गायत्री अधिकारी ने कहा– 'बेटे पर गर्व है। मैं चाहती हूं कि मेरा बेटा आरजी कर मेडिकल कॉलेज की रेप विक्टिम के परिवार का `न्याय दिलाए। वहीं, शनिवार को शपथ लेने के तुरंत बाद सुवेंदु ने राज्य की का नू न – व्यवस्था क ी स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की।*

## प्रधानमंत्री मोदी करेगे तीन राज्यों का दौरा

### मोदी आर्ट ऑल लिवींग के 45 वे स्थापना दिवस मे हिस्सा लेंगं



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तीन राज्यों का दौरा करेंगे। सुबह 11 बजे कर्नाटक के बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें स्थापना दिवस समारोह में भी हिस्सा लेंगे। यहां एक ध्यान मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम दोपहर में 3 बजे के करीब तेलंगाना जाएंगे। हैदराबाद में 9,400 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की नींव रखेंगे। कुछ का इनॉगरेशन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद शाम को पीएम गुजरात जाएंगे, रविवार रात को जामनगर में रुकेंगे। 11 मई को पीएम सुबह लगभग 10.15 बजे सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होंगे। बाद में, वे वडोदरा जाएंगे, जहां सरदारधाम हॉस्टल का उद्घाटन करेंगे।*

## बिना नंबर ट्रैक्टर ट्रॉली से 6 क्विंटल डोडाचुरा जप्त

### पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी गिरफ्तार

*नीमच जिले के मनासा थाना अंतर्गत कंजार्डा चौकी पुलिस ने अभियान त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक बिना नंबर के जॉन डियर ट्रैक्टर से 6 क्विंटल 1 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। इस मामले में आरोपी सत्यनारायण धाकड़ को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर–ट्रॉली भी जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत 22 लाख रुपए बताई जा रही है।*

*कंजार्डा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक श्याम कुमावत और उनकी टीम रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कंजार्डा की ओर से एक बिना नंबर का जॉन डियर ट्रैक्टर आता दिखा। पुलिस ने उसे रोककर ट्रॉली की तलाशी ली, तो उसमें खाद या अनाज के बजाय 30 प्लास्टिक के कट्टे भरे हुए मिले। कट्टों को खोलने पर उनमें अवैध डोडाचूरा पाया गया।*

## बढती गैस कीमतों के खिलाफ आप का प्रर्दाशन

*नीमच के भारत माता चौराहे पर बुधवार शाम आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस और कमर्शियल सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की और तत्काल दाम कम करने की मांग की।*

*कार्यकर्ताओं का कहना है कि गैस के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने आम आदमी के घर का बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई के कारण अब गरीब और मध्यम वर्ग के लिए रसोई चलाना मुश्किल होता जा रहा है।*

*जिला पदाधिकारियों ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में उछाल का सबसे बुरा असर छोटे होटल संचालकों, ढाबा मालिकों और चाय का ठेला लगाने वालों पर पड़ा है। कई दुकानदारों की हालत इतनी खराब हो गई है कि उनके सामने दुकान बंद करने की नौबत आ गई है। इससे न सिर्फ व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि कई लोगों के सामने बेरोजगारी और आर्थिक तंगी का खतरा भी पैदा हो गया है।*

## नीमच के नए एसपी ने भादवामाता दर्शन कर संभाला पदभार

### भादवामात दर्शन कर करी मीडीया से चर्चा

*नीमच के नवागत एसपी राजेश व्यास ने शुक्रवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने से पहले उन्होंने प्रसिद्ध भादवा माता मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। तस्करों और भू–माफियाओं के खिलाफ चलेगा अभियान – एसपी व्यास ने पदभार ग्रहण करते ही मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अफीम बेल्ट होने के कारण नशे के विरुद्ध मुख्यमंत्री के अभियान को गति दी जाएगी और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अनुशासन और जनसेवा प्राथमिकता – अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक के बाद एसपी ने पुलिस बल को अनुशासित रहने के निर्देश दिए।*

## करंट लगने से छत पर सफाई कर रहे नीमच के व्यक्ति की मौत

*चल्दू गांव में गुरुवार सुबह करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना उस समय की है जब जेसीबी की टक्कर से बिजली का सर्विस लाइन का तार टूटकर एक व्यक्ति पर गिर गया।*

*मृतक की पहचान 40 वर्षीय अशोक कलाल के रूप में हुई है। वे घर की छत पर चद्दर साफ कर रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रही जेसीबी का ऊपरी हिस्सा बिजली की लाइन से टकरा गया और तार टूटकर सीधे अशोक पर गिर पड़ा।*

*मृतक के बेटे ने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले पिता ने उसे नली ठीक करने को कहा था। तभी अचानक तेज आवाज हुई और तार पिता के ऊपर गिर गया। करंट के डर से लोग तुरंत पास नहीं जा सके।*

*परिजन अशोक को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।*




डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

# SWATANTRA BODDHIK PATRA


खबरों के लिए लोगिंन करे !

# https://sbpatra.in/













**(1)** गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

**(2)** होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

**(3)** ई-पेपर केटेगिरी चुने

**(4)** समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।



## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

## https//:sbpatra.in

## पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

